# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शनिवार 15 नवंबर 2025




## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत की तैयारी के संबंध में बैठक आयोजित





**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य में तृतीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन आगामी 13 दिसम्बर को प्रस्तावित है। इस संबंध में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देशों में नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए आवश्यक तैयारियों पर चर्चा की गई।
इस दौरान प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विभा पांडे द्वारा जिला न्यायालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में नगरपालिका परिषद, टेलीफोन ऑफिस तथा विभिन्न बैंक विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि जिन प्रकरणों में राजीनामा, समझौता की संभावना है, उनकी सूची तैयार कर संबंधित न्यायालयों में शीघ्र प्रस्तुत किया जाए, ताकि पक्षकारों को समय पर नेशनल लोक अदालत की नोटिस जारी की जा सके। प्री-लिटिगेशन के प्रकरणों को भी समय पर प्रस्तुत करने के लिए संबंधित विभागों निर्देश दिए गए, जिससे अधिक से अधिक संख्या में मामलों का निपटारा किया जा सके। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव शांति प्रभु जैन सहित बैंक के अधिकारी उपस्थित रहे।

## धान खरीदी आज से प्रारंभ किया जाना है, लैम्पस प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर धान खरीदी प्रभारी आंदोलन जारी

# जिले के कृषि अधिकारियों ने धान खरीदी से मुक्त करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

शासन द्वारा 15 नवम्बर से समर्थन मूल्य मे धान खरीदी शुरू होने वाली है, लेकिन सहकारिता विभाग के लैम्पस प्रबंधक से लेकर कंप्यूटर ऑपरेटर धान खरीदी प्रभारी तक आंदोलनरत हैं, जिसके कारण जिले में अभी तक धान खरीदी केन्द्रों में किसी तरह की तैयारी नहीं हो पाई है। वहीं राज्य शासन के आदेश पर खाद्य विभाग द्वारा धान खरीदी केन्द्रों में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को धान खरीदी नोडल सह खरीदी प्रभारी के लिए डियूटी लगा दी गई है, जिसके कारण अब जिले के कृषि अधिकारीयों ने धान खरीदी से मुक्त करने की मांग की है।

कृषि अधिकारी संघ के सदस्यों ने अपर कलेक्टर जितेंद कुमार कुर्रे से मुलाकात कर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। कृषि अधिकारी संघ ने जिले के कृषि अधिकारी को धान खरीदी से मुक्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि कृषि अधिकारियों के पास अभी कई विभागीय कार्य है। पीएम फसल कटाई प्रयोग, पीएम सम्मान निधि, ईकेवाईसी, आधार सीडिंग लैंड सीडिंग, सस्पेक्टेड प्रकरण, रबी फसल कार्यक्रम, फसल प्रदर्शन, बीज वितरण, बीज उत्पादन, ग्रीष्म धान के बदले मोटा अनाज, दलहन, तिलहन, लक्ष्य, पीएम सॉइल, हेल्थ कार्ड योजना जैसे तमाम विभाग में संचालित फ्लैगशिप योजनाओं का क्रियान्वयन कृषि अधिकारियों को करना रहता है और दूसरा गैर विभागीय काम करने के किसानों की परेशानी बढ़ जाएगी। संघ के अध्यक्ष गुमेश नाग ने कहा छत्तीसगढ़ शासन कृषि उत्पादन आयुक्त के स्पष्ठ आदेश है कि ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों डियूटी गैर विभागीय कार्य मे न लगाया जाए उसके बावजूद भी हमारी डियूटी खाद्य विभाग और जिला प्रशासन द्वारा अन्य विभाग के कार्यो में डियूटी लगाई जा रही संघ के प्रांतीय आव्हान पर मांग पूरा नहीं होने पर आदेश का बहिस्कार करते हुए चेतावनी दी अगर हमे धान खरीदी कार्य से मुक्त नही रखा गया तो अनिश्चितकालीन हड़ताल करने मजबूर होना पड़ेगा। कृषि अधिकारी संघ ने कहा इससे पहले भी संघ द्वारा 9 सुत्रीय मांगो को लेकर चरण बद्ध आंदोलन कर चुके है। उन्हीं मांगो में गैर विभागीय कार्य से मुक्त रखने का भी प्रशासन से मांग रख चुके है, जिसके बावजूद भी हमे गैर विभागीय कार्यो में डियूटी लगाई जा रही है जो अत्यंत खेद का विषय है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान रविशंकर नेताम, किरण भंडारी, प्रवीण कवाची, कुलदीप साहू, अमित बाला, मनीष मेश्राम, राकेश शोरी, धनंजय साहू, मनोहर चंद्रवंशी, देवेंद्र साहू, दुर्गेश सलाम, राकेश रात्रे, बलदेव शोरी, सुरेंद्र भोय समेत जिले भर से आए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की उपस्थिति रही।



## नवीन धान उपार्जन केंद्र की मांग को लेकर किसानों में आक्रोश

**दुर्गुकोंदल।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित दमकसा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत राऊरवाही के आश्रित ग्राम महेन्द्रपुर में नवीन धान उपार्जन केंद्र खोलने की वर्षों पुरानी मांग को लेकर अब किसानों का धैर्य जवाब देने लगा है। किसानों ने एसडीएम से ज्ञापन में मांग की है कि शासन-प्रशासन तत्काल महेन्द्रपुर में उपार्जन केंद्र की स्वीकृति प्रदान करे, अन्यथा वे कोटपारा में शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

इसी मुद्दे को लेकर ग्राम पंचायत राऊरवाही, आमाकड़ा और चिहरों के करीब 790 नाराज किसान एवं जनप्रतिनिधियों ने अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी है कि यदि जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो आज 15 नवंबर को भानुप्रतापपुर मानपुर मार्ग स्थित कोटपारा में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। किसान पीलम नरेटी, बलराम टेपरिया, कैलाश नेताम, मंसा कोवाची, नरेश कोमरा सहित अनेक ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम महेंद्रपुर में धान उपार्जन केंद्र खोले जाने की मांग पिछले कई वर्षों से की जा रही है, किंतु हर बार शासन और प्रशासन से सिर्फ आश्वासन ही मिला है, कार्रवाई नहीं। किसानों का कहना है कि वर्तमान में दमकसा उपार्जन केंद्र में जगह की भारी कमी है, जिसके कारण आसपास के गांवों राऊरवाही, आमाकड़ा, चिहरों और अन्य ग्रामों के किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। केंद्र में पर्याप्त भंडारण स्थान, परिवहन सुविधा और तौल व्यवस्था न होने से किसानों को अपनी उपज बेचने में भारी कठिनाई और आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि हर सीजन में उपार्जन केंद्र दमकसा में भीड़ बढ़ने से कई बार किसानों को रातभर लाइन में खड़ा रहना पड़ता है, जबकि कुछ किसानों की उपज समय पर तौल न होने से बारिश या खराब मौसम में खराब हो जाती है।

### नवीन धान उपार्जन केंद्र की स्थापना जरूरी: किसान

ग्राम महेन्द्रपुर के किसानों का कहना है कि यहां जनसंख्या, उत्पादन और भौगोलिक दृष्टि से एक नवीन धान उपार्जन केंद्र की स्थापना पूरी तरह आवश्यक और न्यायोचित है। उन्होंने कहा कि अब किसानों को सिर्फ वादे नहीं, धरातल पर समाधान चाहिए। यदि प्रशासन कार्रवाई नहीं करता, तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। ग्रामीण जनप्रतिनिधियों ने उम्मीद जताई कि जिला प्रशासन किसानों की मांग को गंभीरता से लेकर जल्द सकारात्मक निर्णय करेगा।



## धान खरीदी केंद्रों के निरीक्षण के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत जिले में स्थित 149 धान खरीदी केन्द्रों के नियमित रूप से निरीक्षण व पर्यवेक्षण के लिए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। धान खरीदी केंद्र कांकेर के लिए राकेश वर्मा, दशपुर के लिए गणेशराम सहारे, मर्दापोटी के लिए दिनेश हिड़को, ईच्छापुर रामकरण सुमन, नाथियानवागांव गुमेश कुमार नाग, सरंगपाल रीता दर्रा, सुभियामुड़पार भागवत सिन्हा, बागोडार धनेश जैन, सिदेसर ईशुराम कावड़े, पटौद समीक्षा सिंह, बेंवरती भिरेन्द्र सिन्हा, पुसवाड़ा अमित बाला, मालगांव रविकांत मारगिया, पीढ़ापाल ममता भण्डारी, तेलावट मुलेश उईके, सुरेली विवेक साहू, कापसी बालकृष्ण तोमर, मरकाटोला अजय शोरी, पोटगांव वरूण दिवाकर, तालाकुर्रा प्रीतम प्रसाद नेताम, बारदेवरी रविशंकर नेताम, कोदागांव नोहर सिंह उईके, अमोड़ा एमआर नेताम, चवांड़ रश्मि मरकाम, उमरादाह एसके कावड़े, नावडबरी घृत कश्यप, कुरना संतोष सिंह, चरभट्ठी आशाराम कुंजाम तथा हटकाचारामा हिरदेलाल जैन को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार दुधावा महेन्द्र साहू, मुसुरपुट्टा धनेश्वर ठाकुर, सारवण्डी सुनिता प्रधान, घोटियावाही तनूजा गंगवंशी, दबेना तामेश्वर साहू, जामगांव हरिओम सिन्हा, बादल कृष्णकुमार मेश्राम, नरहरपुर संजीव नेताम, थानाबोड़ी पानेश्वर पाल, बिरनपुर अनिल दुग्गा, डुमरपानी उमेन्द्र सिंह नेताम, बुदेली डीके नेताम, डंवरखार बिरझूराम नेताम, बासनवाही बिरझूराम कवाची, मांडाभर्री मंगखाइन कोर्राम, ठेमा अनिता यादव, कुम्हानखार बलदेव शोरी, सरोना डीके कुंजाम, मालगांव रमेश कोड़ोपी, अभनपुर पीआर सेठिया को नोडल अधिकारी। लिलेझर के लिए कंवल कश्यप, कोटतरा रामसाय मांझी, परसोदा पुष्पलता पोया, काटागांव किशोर शोरी, मरकाटोला लोकेश तारम, पुरी रमेश कुमार दुबे, उंकारी हिम्मतलाल सोनवानी, आंवरी तामेश्वरलाल साहू, चारामा बालाराम जैन, चांवड़ी नंदकिशोर गायकवाड़, खरथा महेश सोनकर, डोकला देवलाल नायक, माहुद दुर्गेश सलाम, पंडरीपानी संजय कुमार कुर्रे, लखनपुरी विवेक गंगवाल, चिनौरी हिमांशु मंडावी, उड़कुड़ा पुष्पलता कुंजाम, हल्बा टेमनलाल सिन्हा, गितपहर रामगोपाल साहू, रानीडोंगरी नितेश जोशी, पलेवा श्रवण मरकाम, शाहवाड़ा सुश्री दशबत्ती भूआर्य, हाराडुला श्रीमती अजीता मंडावी, जेपरा कमलेश गंजीर, टांहकापार नवलराम नेताम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।
इसी प्रकार आसुलखार सुषमा नरेटी, केंवटी भावेश चंद्रवंशी, हाटकर्रा आशीष कुमार साहू, बारवी प्रवीण नरवाश, कोरर किरण कुमार भंडारी, सेलेगांव अश्वन शोरी, बैजनपुरी प्रवीण कुमार कवाची, कनेचूर गिरिजा ओटी, भानुप्रतापपुर कविता सिन्हा, कच्चे धनंजय प्रसाद साहू, भानबेड़ा कुलदीप साहू, संबलपुर राकेश कुमार शोरी, हाटकोंदल कमलेश पदमाकर, कोड़ेकुर्से भुनेश्वरी पोया, सुरंगदोह संजय मंडल, गोड़पाल सुरेन्द्र कुमार भोय, चिखली खगेश नरेटी, पचांगी प्रसनजीत वैद्य, दुर्गुकोंदल हलधर नेगी, कोण्डे धनराज नेताम, कोदापाखा नेश्वर्य साहू, दमकसा मनोहर चंद्रवंशी, कलंकपुरी (पुजारीपारा) दिलीप सोनकर, लोहत्तर पतिराम सलाम, ताड़ोकी मिथिलेश्वरी मंडावी, कोलर सुभाष देहारी, सरंडी सुंदरलाल बंछाड़, आमाबेड़ा प्रवीण चंद्राकर, बण्डापाल ओमप्रकाश श्वेता, मातला ब नरेन्द्र नेताम, उसेली मिथलेश कुमार ध्रुव, पोड़गांव तेजप्रकाश भास्कर, अंतागढ़ टिकेश यादव, भैंसासुर माधवपाल, चारगांव आशीष पवार, कोयलीबेड़ा श्रवण खुराशू, उदनपुर आकाश कश्यप, सिकसोड़ अशोक कुमार दीपक, बड़गांव सियाराम उईके, मदले मानिक शाहा, कापसी देवदास मंडल, छोटे कापसी रितेश कुमार पटेल, पीव्ही 08 अविषेक निषादराज, पीव्ही 02 शैलेश वैद्य, पीव्ही 119 रंजीत विश्वास, पीव्ही 11 सुभाष दास, पीव्ही 12 देवेन्द्र कुमार सलाम, गोण्डाहूर सोहनलाल उईके, हांकेर उत्तम सरकार, पीव्ही 16 धीरजराम जैन, बारदा स्वपन मंडल, पीव्ही 68 मनतोष घरामी, परतापुर रैनूराम कोमरे, संगम प्रभात विश्वास, ऐसेबेड़ा सुमरीत राम जाड़े, पीव्ही 15 नूतन नाविक, पीव्ही 121 शुभंकर मालाकर, पखांजूर योगेश रामटेके, चांदीपुर रविन्द्रनाथ बैनर्जी, माटोली रथिन विश्वास, पीव्ही 39 धर्मपाल कोड़ोपी, पीव्ही 22 अमिया विश्वास, पीव्ही 24 सूर्यकांत सरकार, पीव्ही 32 नंदकिशोर शोरी, पीव्ही 26 दिपांकर हलदार, बांदे संजीत राय, बेलगाल चेतनप्रसाद देहारी, पीव्ही 78 राजनदास मानिकपुरी, पीव्ही 84 सनीतकुमार पिपरैया, पीव्ही 99 नेहरूसिंग गंगासागर, पीव्ही 89 रविशंकर ठाकुर, पीव्ही 105 कालूराम वैद्य, कुरेनार उदय मिस्त्री, ईरपानार निरंजन सरकार तथा धान खरीदी केन्द्र छोटेबेठिया के लिए नारायण हालदार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। शासन के दिए गए निर्देश का पालन करते हुए पंजीकृत किसानों से सरलतापूर्वक धान खरीदी की जावे एवं खरीदे गए धान का समुचित रख-रखाव का नियमित रूप से निरीक्षण कर प्रत्येक शनिवार, रविवार को विभाग द्वारा दिए गए भौतिक सत्यापन एप के माध्यम से उपार्जन केन्द्रों में संग्रहित धान एवं बारदानों का भौतिक सत्यापन करेंगे तथा धान खरीदी अवधि के दौरान पंजीकृत किसानों के धान विक्रय करने में समस्या होने पर निराकरण करेंगे।

## मधुमेह कार्यक्रम में छात्राओं का रक्तचाप, रक्त शर्करा व हीमोग्लोबिन की जांच की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

शासकीय इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय में मधुमेह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन यूथ रेडक्रॉस और गृह विज्ञान विभाग की ओर से किया गया। विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं का रक्तचाप, रक्त शर्करा और हीमोग्लोबिन की भी जांच की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए यूथ रेडक्रॉस के प्रभारी प्रो. सुनील कुमार साहू ने बताया कि आज मधुमेह, जिसे आमतौर पर शुगर के नाम से जाना जाता है, आम बीमारी हो गई है। विश्व का हर छठवां व्यक्ति इस बीमारी से ग्रसित है। भारत में इसके मरीज इतने ज्यादा हो गए हैं कि आज भारत को डायबिटीज कैपिटल का नाम दिया जा रहा है। मधुमेह ग्रसित व्यक्ति को जल्दी थकान आती है और पसीना बहुत ज्यादा आता है। इसी प्रकार से उसे बार-बार पेशाब लगती है। इसके अलावा कोई घाव हो जाए तो वह जल्दी नहीं भरता। मधुमेह दो कारणां से हो सकता है। एक तो आनुवंषिक रूप से यह बीमारी हो सकती है मतलब परिवार में किसी को यह बीमारी हो तो हमें भी इसका खतरा होता है। दूसरा कारण हमारी जीवन शैली है, मतलब जिन्दगी बिताने वाले, शारीरिक परिश्रम से दूर भागने वाले, अनियमित खानपान करने वाले व्यक्ति इस बीमारी से ग्रसित हो सकते हैं। किसी को यह बीमारी हो जाये तो घबराने की आवष्यकता नहीं है। अपनी दिनचर्या में योग व्यायाम को जोडकर, खानपान में सुधार कर कुछ सावधानी बरतते हुए इस बीमारी से बचा जा सकता हैं। मधुमेह पीडित व्यक्ति अंधत्व, दिल की बीमारी या लकवा से पीडित हो सकते हैं। कभी कभी अंगभेदन भी करना पड जाता है। थोडी सी सावधानी बरतते हुए हम इसकी विभीशिका सेबच सकते हैं। छात्राओं को संबोधित करते हुए गृह विज्ञान की डॉ तरन्नुम ने बताया कि छात्राओं में रक्ताल्पता की स्थिति आमतौर पर देखी जाती है। थोडी सावधानी रखते हुए खुद को इसकी परेषानियां से बचाया जा सकता है। संस्था प्रमुख प्रो जेके बारले ने कहा कि छात्रायें स्वयं भी जागरूक रहें और अपने घरवालां को भी जागरूक रखें। इसके पष्चात कई छात्राओं का रक्तचाप नापने पर पाया गया कि कई छात्राए कम रक्तचाप की स्थिति में हैं। उन्हें इसकी स्थिति ठीक करने के संबंध में सु-हजयाव दिए गए।

## आनन्द मेला में विभिन्न प्रकार के पकवान के लगाए गए स्टॉल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरर

भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं.जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला तालाकुर्रा, शापूमा शाला तालाकुर्रा एवं शाउमावि तालाकुर्रा द्वारा शाला के प्रांगण में बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा गीत, कविता एवं भाषण प्रस्तुत किया गया और साथ ही बाल मेला आनन्द मेला का भी आयोजन किया गया। मेले में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के पकवान जैसे-समोसा, बड़ा, भजिया, पुड़ी, मैगी, चाय, कॉफी, मोमोस, गुप-चुप, भेल इत्यादि व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए।

■ कोरर तालाकुर्रा में बाल दिवस और एफएलएन मेला का भव्य आयोजन

इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला तालाकुर्रा में एफएलएन मेला का आयोजन किया गया, जिसमें नन्हें विद्यार्थियों ने विभिन्न एफएलएन मॉडल जैसे-जादू की पोटली, शब्द पहचान खेल, मेरा पासा मेरा वर्ण, इकाई- दहाई की समझ, सब्जियों-फलों के नाम, वर्ण पहचान, उँगली फिराओं शब्द बनाओं, ध्वनि मात्रा पहचान, प्रश्न निर्माण, पर्ची उठाओं करके बताओं, पर्ची उठाओं पढ़कर दिखाओं इत्यादि प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य शुभेष मिश्रा, सरपंच विनोद रावटे, उपसरपंच जितेन्द्र साहू, गौतम गांवर अध्यक्ष ग्राम सभा, शिक्षाविद नारायण जैन, पंचगण पूरन लाल साहू, धनेश्वरी रावटे, सुमित्रा नुरुटी, कुमारी भंडारी, सगुना नुरुटी, धनराज जैन, डिकेंद्र नुरुटी, बालाराम ठाकुर, पालक गण एवं प्रधान अध्यापक रायसिंह माँझी द्वारा विद्यार्थियों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दी गई और साथ ही बाल दिवस के महत्व को उजागर करते हुए छात्रों को मेहनत करने एवं सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकों, छात्र-छात्राओं,पालको एवं गणमान्य नागरिकों ने मेले का आनंद उठाया।

## चारामा आवर्धन जल प्रदाय योजना का प्रमुख अभियंता ने किया निरीक्षण

**कांकेर।** जलजीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन कार्यों का लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता ओंकेश चंद्रवंशी द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने योजना के तहत विभिन्न संरचनाओं का निरीक्षण कर अपूर्ण कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने तथा फिनिशिंग और सभी सिविल कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

प्रमुख अभियंता ने निरीक्षण के दौरान रेलिंग और प्लेट सुधार कार्य में पाई गई कमियों को तत्काल दूर करने को कहा। साथ ही रॉ-वॉटर पम्पिंग मेन, ग्रेविटी मेन एवं जल वितरण पाइपलाइन विस्तार कार्यों के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग मार्ग पर आ रही बाधाओं के समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों से समन्वय कर जल्द कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने ग्राम कुलगांव (विकासखण्ड कांकेर) की एकल ग्राम योजना के सर्वे एवं कार्य स्थल का भी निरीक्षण किया, जहां पर पाई गई कमियों को जल्द से जल्द सुधारने के निर्देश दिए। मौके पर विभाग के आला अधिकारियों ने



स्पष्ट किया कि जलजीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे सभी कार्यों को गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति शीघ्र सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर अतिरिक्त मिशन संचालक जल जीवन मिशन रायपुर एस.एन. पाण्डे, मुख्य अभियंता जी.एल. लखेरा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जगदलपुर परिक्षेत्र, अधीक्षण अभियंता बी.एन. भोयर सहित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## प्रगति नहीं पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी

# सीईओ ने की प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने आज प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, विकासखंड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, बीपीएम एनआरएलएम, विकास विस्तार अधिकारी, सहायक विकास विस्तार अधिकारी, उप अभियंता आरईएस, तकनीकी सहायकों एवं पीआरपी एनआरएलएम की संयुक्त बैठक लेकर प्रधानमंत्री आवास निर्माण में प्रगति की गहन समीक्षा किया।

उनके द्वारा वर्ष 2016-23 एवं 2024-25 के अपूर्ण आवासों को पूर्ण करने तथा वर्ष 2025-26 में स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्य को प्रारंभ करने के लिए पंचायतवार समीक्षा की गई। वर्ष 2024-25 में स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास जिन्हें प्रथम किश्त की राशि प्राप्त हो चुकी है और अब



तक अपूर्ण हैं, उन्हें मार्च 2026 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने के लिए अधिकारियों को लक्ष्य प्रदान किया गया। वर्ष 2016-23 के अपूर्ण आवासों को सतत निरीक्षण कर पूर्ण किए जाने के लिए निर्देशित किया गया।

### मैपिंग करने के दिए गए निर्देश

समीक्षा के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा प्रत्येक अपूर्ण आवास को पूर्ण करने के लिए हितग्राहीवार राजमिस्त्री एवं निर्माण सामग्री उपलब्धता की मैपिंग करने के निर्देश भी दिए गए। आरसेटी के माध्यम से राजमिस्त्री प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके युवाओं को आवास निर्माण कार्य में संलग्न करने के लिए निर्देशित किया गया, साथ ही अधिक से अधिक युवाओं को राजमिस्त्री प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए गए, ताकि युवाओं को रोजगार प्राप्त होने के साथ ही आवास निर्माण कार्य में प्रगति हो।

### हितग्राहियों का उन्मुखीकरण के दिए निर्देश

अपूर्ण प्रधानमंत्री आवासों को पूर्ण करने के लिए रात्रिकालीन चौपाल लगाकर हितग्राहियों का उन्मुखीकरण के निर्देश भी उनके द्वारा दिए गए। प्रधानमंत्री आवास निर्माण में संतोषजनक प्रगति नहीं पाए जाने के कारण विकासखंड अंतागढ़ के ग्रामपंचायत बंडापाल के नोडल अधिकारी उप अभियंता आरईएस तथा कोयलीबेड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत बड़गांव के नोडल अधिकारी तकनीकी सहायक और विकासखंड चारामा के ग्राम पंचायत रामपुर के नोडल अधिकारी तकनीकी सहायक को नोटिस जारी करने के निर्देश समीक्षा के दौरान दिए गए।

## पेज 3 के शेष

### पखांजूर में सेमर लकड़ी से...

था। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। कुछ संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है और जल्द ही इस नेटवर्क का पूरा खुलासा होने की संभावना है।

**लकड़ी और ट्रक का विवरण :** जानकारी के अनुसार जब्त किए गए ट्रक की पहचान ग्राम पीवी.61 निवासी सुरंजन सरकार के वाहन के रूप में हुई है। वन विभाग की टीम को ट्रक में कुल 49 नग सेमर के लट्‌टे मिले। माप और मूल्यांकन के अनुसार ट्रक में करीब 6.3 घन मीटर लकड़ी भरी हुई थी, जिसकी अनुमानित कीमत 53 हजार रुपये बताई गई है। देर शाम ट्रक और जब्त लकड़ी को पखांजूर वन विभाग के डिपो में सुरक्षित रख दिया गया है।

### चोरी का खुलासा, 10 लाख...

305(1) भादवि के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना आरंभ की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई.के. एलेसेला के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी कांकेर मोहसीन खान के पर्यवेक्षण में थाना चारामा पुलिस की टीम ने विवेचना में तेजी लाई। पुलिस ने आरोपी लीना भूतड़ा एवं उसके पति मनोज भूतड़ा को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ किया। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने चोरी करना स्वीकार किया। उनकी निशानदेही पर ग्राम बिरेतरा स्थित उनके घर से चोरी के आभूषण बरामद किए गए। लीना भूतड़ा के पास से सोने का 01 लेडीज ब्रेसलेट, 01 चैन तथा उसके पति मनोज भूतड़ा से 01 जेन्स ब्रेसलेट एवं पिघलाया हुआ सोने का बिस्किट बरामद किया गया। कुल बरामद माल का वजन 107.770 मिली ग्राम और कीमत 10,32,990 रुपए आंकी गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया, वहीं इस सफल कार्रवाई में निरीक्षक तेज कुमार वर्मा, सउनि प्रदीप यादव, आरक्षक जितेन्द्र नाग एवं महिला आरक्षक विद्या मंडावी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### जिले की पंचायतों में 21 से...

पंचायत सीईओ को निर्देशित किया है कि ग्राम सभा आयोजन कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए ग्राम पंचायत के प्रत्येक पदाधिकारी सरपंच, पंच सहित क्षेत्र के सदस्यों को पूर्व जानकारी देकर ग्राम सभा में अधिकाधिक उपस्थिति सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है। निर्देशों में यह भी कहा गया है कि ग्राम सभा की कार्यवाही पूर्णतः सुव्यवस्थित हो तथा बैठक में लिए गए निर्णयों की अधिकतम 15 मिनट की वीडियो रिकॉर्डिंग कर उसे ग्रामसभा निर्णय मोबाइल एप में अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाए। इसके अतिरिक्त ग्राम सभा की सभी गतिविधियों को वाइब्रेंट ग्राम सभा पोर्टल और जीपीडीपी पोर्टल में शत-प्रतिशत अपडेट किया जाए। जनपद पंचायतों को यह भी निर्देशित किया गया है कि आयोजित ग्राम सभाओं की कार्यवाही और निर्धारित प्रपत्र में तैयार प्रतिवेदन 28 नवम्बर तक जिला कार्यालय में अनिवार्य रूप से भेजें, ताकि जिलेभर में ग्राम सभाओं के आयोजन की स्थिति का समय पर परीक्षण किया जा सके।

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 15 नवंबर 2025

04 बाल दिवस के मेले में बच्चों ने अंग्रेजी हिंदी पढ़ना...



04 बस्तर जिला ओलंपिक के विजेताओं का संभाग...





### सेमर लकड़ी के 49 लट्ठों से भरा हुआ था ट्रक, माफियाओं की तलाश जारी


# पखांजूर में सेमर लकड़ी से लदे ट्रक पर वन विभाग ने किया बड़ा प्रहार, वन माफियाओं में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

परलकोट क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय वन माफियाओं पर आखिरकार वन विभाग और प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाना शुरू कर दिया है। हरिभूमि में लगातार प्रकाशित हो रही खबरों के माध्यम से सेमर और आम के पेड़ों की चोरी-छुपे हो रही कटाई तथा अवैध परिवहन का मामला उजागर होने के बाद विभाग हरकत में आया और बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। कार्रवाई के दौरान वन विभाग की टीम ने सेमर की लकड़ी से भरा एक ट्रक रंगे हाथों पकड़ लिया, जिससे क्षेत्र में सक्रिय वन माफियाओं में हड़कंप मचा है।

■ वन विभाग कटाई जंगल की कर रही पहचान, काटने वालो की हो रही खोज

जानकारी के अनुसार परलकोट और आसपास के गांवों में वन माफिया पिछले कई महीनों से बिना अनुमति के आम और सेमर के पेड़ों की कटाई कर रहे थे। कटे हुए पेड़ों को अवैध रूप से ट्रकों में भरकर बाहर भेजा जा रहा था। विभाग को लगातार मिल रही सूचनाओं के बाद इस अवैध गतिविधि पर निगरानी बढ़ाई गई। वन विभाग को 12 नवंबर की रात एक महत्वपूर्ण सूचना मिली कि रामपुर के आरक्षित वन क्षेत्र में तीन सेमर के पेड़ काटे गए हैं और उन्हें एक ट्रक में लोड किया जा रहा है। बताया गया कि रात में आधा ट्रक लकड़ी भरकर बड़ेझाड़कट्टा गांव की ओर भेजा गया था, जहां अगले दिन और पेड़ काटकर ट्रक को पूरी तरह से भरने की योजना बनाई गई थी। जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम तुरंत सक्रिय हुई और मौके पर दबिश दी। टीम ने बड़ेझाड़कट्टा गांव के पास सेमर की लकड़ी से भरे एक ट्रक को रंगे हाथों पकड़ लिया। मौके पर मौजूद लोग विभाग की कार्रवाई देख मौके से फरार हो गए। प्रारंभिक पूछताछ में यह स्पष्ट हुआ कि यह वही गिरोह है जो कुछ दिन पहले ग्राम पीव्ही 124 में आम के पेड़ों की अवैध कटाई में भी शामिल ▶▶|शेष पेज 02 पर





### लालच देकर कटवाते हैं लकड़ी

सूत्रों के अनुसार, लकड़ी कटवाने और परिवहन कराने में शामिल गिरोह एक संगठित नेटवर्क के रूप में काम करता है। ये लोग गांवों के आसपास के ग्रामीणों को लालच देकर पेड़ों की कटाई कराते हैं और फिर इन्हें ट्रकों में भरकर प्रदेश सीमाओं के बाहर भेज देते हैं। कई बार ग्रामीणों को यह तक जानकारी नहीं होती कि विभाग की अनुमति के बिना पेड़ों की कटाई पूरी तरह अवैध है।

### वाहन होगा राजसात, आरोपी की हो रही तलाश

पखांजूर के उप वन मंडलाधिकारी आर.एन. शोरी ने बताया कि आरक्षित वन क्षेत्र में बिना अनुमति के पेड़ों की कटाई कर ट्रक के माध्यम से परिवहन किया जा रहा था। विभाग ने समय रहते कार्रवाई करते हुए एक वाहन को रंगे हाथ पकड़ा है। ट्रक और लकड़ी को जब्त कर लिया गया है तथा वाहन को राजसात करने की कार्रवाई की जाएगी। अवैध कटाई में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# चोरी का खुलासा, 10 लाख के सोने के बिस्कुट बरामद, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



चारामा पुलिस ने चोरी के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 107.770 मिली ग्राम सोने के आभूषण एवं पिघलाकर बनाए गए सोने के बिस्किट सहित कुल 10,32,990 रुपएं का संपूर्ण माल बरामद किया गया है। पुलिस की इस त्वरित कार्यवाही की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। मामले का प्रारंभ 10 नवंबर 2025 को हुआ, जब प्रार्थी नरेन्द्र कुमार महेश्वरी उम्र 44 वर्ष निवासी नाकापारा चारामा, थाना उपस्थित होकर एक लिखित रिपोर्ट दर्ज करवाया। उन्होंने बताया कि वे स्टील ट्रेडर्स के संचालक हैं और अपनी पत्नी मधु महेश्वरी के साथ 25 अप्रैल से विशाखापट्टनम कंपनी टूर पर गए थे। टूर समाप्त होने के बाद 5 मई की रात लगभग 8 बजे घर लौटने पर उन्होंने आलमारी खोली तो उसमें रखे लगभग 14 तोला सोना और 70 ग्राम चांदी के जेवरात गायब मिले। संदेह के आधार पर प्रार्थी ने बताया कि उनकी भाभी की चचेरी बहन लीना भूतड़ा उनके घर 27 और 28 अप्रैल को रुकी थी। इसी दौरान चोरी की आशंका जाहिर की गई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना चारामा में अपराध क्रमांक 158/2025 धारा ▶▶|शेष पेज 02 पर

■ सोने के आभूषणों पिघलाकर नया था बिस्कुट

BMC बी.एम. कॉलेज
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध
विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम
B.Ed.
कॉलेज कोड-114336
ऑनलाइन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 16/11/2025, शाम 5 बजे तक
गोकुल नगर, पुलगाँव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग
Mob. : 87706-38793, 93403-11314, 93038-93829, 93008-50065
Sai समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स
प्लॉट, फॉर्म हाऊस, खेत, मकान, फ्लेट
लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116

### प्रधानमंत्री का आज वर्चुअल संबोधन

**कांकेर**। धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस के तौर पर मनाया जा रहा है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 15 नवम्बर को नरहरदेव पीएमश्री शाउमावि के प्रांगण में किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव सम्मिलित होंगे। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दोपहर साढ़े 3 बजे से शाम 05 बजे के मध्य सम्बोधित करेंगे।

## जिले की पंचायतों में 21 से 26 तक अनिवार्य रूप से ग्रामसभाओं के आयोजन के लिए निर्देश जारी

**कांकेर**। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 6 के तहत प्रत्येक तीन माह में ग्राम सभा आयोजित किया जाना अनिवार्य है। इस प्रावधान के पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले के सभी जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को 21 से 26 नवम्बर के बीच अनिवार्य रूप से ग्राम सभाओं के आयोजन के निर्देश जारी किए हैं।





कलेक्टर के निर्देशानुसार जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में ग्राम सभाओं के लिए पीठासीन अधिकारी नियुक्त करेंगे तथा समय-सारणी बनाकर तिथियों का निर्धारण करेंगे। यह भी स्पष्ट रूप से कहा गया है कि एक ही तिथि पर किसी ग्राम पंचायत के एक से अधिक ग्रामों में ग्राम सभा आयोजित न की जाए। इस व्यवस्था से सरपंच और सचिव सभी ग्राम सभाओं में उपस्थिति देते हुए बैठक का संचालन सुव्यवस्थित रूप से कर सकेंगे। कलेक्टर ने सभी जनपद ▶▶|शेष पेज 02 पर



## खबर संक्षेप

### रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के लिए काउंसिलिंग 17 को

**कांकेर**। जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाते हुए उनके भविष्य को बेहतर बनाने के लिए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार लाइवलीहुड कॉलेज में 30-30 सीटों पर सुरक्षा गार्ड, असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन, जल वितरण संचालक, रिटेल सेल्स असिस्टेंट, सोलर पैनल इंस्टालेशन तकनीशियन कोर्स में निःशुल्क आवासीय प्रारंभ किया जा रहा है। 17 नवम्बर को लाईवलीहुड कॉलेज गोविन्दपुर में प्रातः 10 बजे से शाम 04 बजे तक कांउसलिंग का आयोजन किया गया है। जिले के ऐसे युवा जिनकी उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक है जो इस प्रशिक्षण से जुड़कर अपना भविष्य संवारना चाहते हैं। वे शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची, आधार कार्ड, 02 पासपोर्ट साईज फोटोग्रॉफ, निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ निर्धारित समय में कांउसलिंग में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

### स्व मनोज मंडावी की जयंती पर भोजन व फल वितरण



**भानुप्रतापपुर**। छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपाध्यक्ष, पूर्व मंत्री एवं भानुप्रतापपुर के लोकप्रिय विधायक स्व मनोज मंडावी की जयंती के पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों व बच्चों को भोजन, फल व बिस्किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ठाकुर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील बबल पाढ़ी, जनपद अध्यक्ष सुनाराम तेता, अमृत संचेती, मोहन मांडवी, गोपाल राठी, कांग्रेस आईटी सेल अध्यक्ष नमन जैन, विजय धामेचा, संजू नेताम, नरेंद्र कुलदीप, भगवान सिंह कुंजाम, निकेश ठाकुर, रवि दुग्गा सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता और साथ ही स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉ. गोटा एवं चिकित्सकीय स्टाफ भी मौजूद रहे।

### भानुप्रतापपुर में दर्दनाक सड़क हादसा, राहगीर का पैर कटकर हुआ अलग



**भानुप्रतापपुर**। भानुप्रतापपुर से दल्ली राजहरा रोड पर शुक्रवार 14 नवंबर की शाम हुए भयावह सड़क हादसे में एक राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे ईलाज के लिए हायर सेंटर कांकेर में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भानुप्रतापपुर से दल्ली राजहरा रोड पर ट्रक चालक ड्राइवर धनेश कुमार उइके अपने ट्रक को तेज रफ्तार में चला रहा था और अचानक अनियंत्रित होकर राहगीर को कुचल दिया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने चालक को पकड़ लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से घायल संजयपारा निवासी गोपाल राम यादव उसका बायां पैर घुटने के नीचे से कटकर अलग हो गया। हादसे की वीभत्सता देखकर मौके पर मौजूद लोग सहम गए। घायल को तत्काल भानुप्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। अत्यधिक रक्तस्राव और हालत गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया।

## सरोना संकुल में एफएलएन मेला हुआ भव्य आयोजन

# बाल दिवस के मेले में बच्चों ने अंग्रेजी हिंदी पढ़ना-पढ़ाना, जोड़-घटने का फंडा सीखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



सरोना संकुल के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला साल्हेभाट एवं प्राथमिक शाला खलारी के तत्वावधान में शासन द्वारा संचालित एफएलएन मेला का शुभारंभ शुक्रवार को गरिमामय वातावरण में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती तथा स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना कर की गई। इसके पश्चात मुख्य अतिथियों द्वारा परंपरागत रूप से रिबन काटकर मेले का शुभारंभ किया गया।

आयोजित कार्यक्रम का आकर्षण एफएलएन मेला रहा, जिसमें करके देखबो, सीख के रहीबो की तर्ज पर विभिन्न विषयों से जुड़े स्टॉल लगाए गए थे। बालवाड़ी, हिंदी, गणित और अंग्रेजी विषय पर आधारित शिक्षण किट और गतिविधियों के माध्यम से बच्चों ने अक्षर ज्ञान, जोड़-घटाना, पढ़ने-पढ़ाने की विधियां तथा मूलभूत सीखने के कौशल को प्रदर्शित किया। शिक्षक-शिक्षिकाओं की ओर से बच्चों को हाथों-हाथ गतिविधियों में शामिल कर सीखने की प्रक्रिया को रोचक और प्रभावी बनाया गया। चाचा नेहरू की जयंती को बाल दिवस के रूप में मनाते हुए बच्चों ने उत्साहपूर्वक खेल-खेल में सीखने की विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। एफएलएन मेले का मुख्य उद्देश्य बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान को मजबूत करना, आत्मविश्वास बढ़ाना और उनकी रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना रहा। इस दौरान शाला के समस्त शिक्षकों, शिक्षिकाओं, पालक-गण एवं भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सराहना करते हुए ग्रामवासियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में सीखने के प्रति रुचि बढ़ाने का माध्यम बनते हैं और शिक्षा के स्तर को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपसरपंच जगदेव मंडावी, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रताप साहू, ग्राम पटेल राधेश्याम भास्कर, संस्था की प्रधानाध्यापिका सुजाता रामटेके तथा शिक्षिका वेदबति नेताम सहित मरकाम ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया।

## बाल दिवस एवं वार्षिक उत्सव में बच्चों ने दिखाया हुनर, विधायक ने सराहा



**सरोना**। शाउमावि सरोना में बाल दिवस एवं वार्षिक उत्सव का आयोजन शुक्रवार को अत्यंत हर्षोल्लास और गरिमामय माहौल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नेहरू बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के प्रति हमेशा संवेदनशील रहे और उनके बताए मार्ग पर चलते हुए उत्कृष्ट शिक्षा वातावरण का निर्माण करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा चाचा नेहरू के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके बाद विद्यालय के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की झड़ी लगा दी, जिसमें छत्तीसगढ़ी परंपरा, लोकनृत्य, देशभक्ति गीत, शैक्षिक नाटक और आधुनिक नृत्य शामिल थे। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह का दिल जीत लिया। कार्यक्रम का प्रत्येक प्रदर्शन बाल दिवस की थीम बच्चों की रचनात्मकता और ऊर्जा को जीवंत करता दिखाई दिया। समारोह में विद्यालय परिवार, शिक्षक-शिक्षिकाओं और पालकों ने मिलकर उत्सव को सफल बनाने में योगदान दिया। वार्षिक उत्सव के अवसर पर विद्यार्थियों की शैक्षिक, सांस्कृतिक और खेल उपलब्धियों का भी उल्लेख किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को अतिथियों के करकमलों से सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि बाल दिवस का उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान करना और शिक्षा के क्षेत्र में उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना है। इसी भावना के अनुरूप विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर बच्चों को अपनी कला और हुनर प्रदर्शित करने का अवसर दिया गया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अजय हिरवानी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, जनपद उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू, चिंतामणि रामटेके, भाजपा मंडल अध्यक्ष टिकेश्वर सिंन्हा, उपसरपंच दिनेश सहारे, ग्राम पटेल मोहन नेताम, यशवंत सिन्हा, सुरेश साहू, अशोक निषाद, तुका नेताम, संजय जैन, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद, प्राचार्य नेताम, जीवन नेताम, अनिल गजपाल और कार्तिक निषाद सहित जनप्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित रहे।



## हांकेर में मनाया गया बाल दिवस

### विभिन्न खेलो एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया आयोजन

**पखांजुर**। शाउमा शाला हांकेर में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिवस पर बाल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभांरभ मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष किशोर हालदार, विशेष अतिथि उपाध्यक्ष मंगल आंचला, शाला के प्राचार्य गोपाल चंद्र दास, भूतपूर्व व्याख्याता नमिता मृधा ने चाचा नेहरू की छायाचित्र को पुष्प अर्पित कर एवं आरती वंदना कर किया। कार्यक्रम के आरम्भ में सभी अतिथियों एवं विद्यार्थियों को तिलक लगाकर सभी सम्माननीय उपस्थितजनों का स्वागत किया।

■ अतिथियों ने चाचा नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि कर किया शुभारंभ

प्राचार्य गोपाल चंद्र दास एवं अन्य शिक्षकों ने बाल दिवस के उपलक्ष में सभा को संबोधित करते हुए प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत किया। प्राचार्य ने बताया कि हर वर्ष 14 नवंबर को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन के उपलक्ष में बाल दिवस मनाया जाता है जो की बच्चों के लिए समर्पित है। यह दिवस उनको सम्मानित करने के साथ-साथ विद्यार्थियों के बचपन की मासूमियत रचनात्मकता और खुशियों को सम्मान देने के लिए भी मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि बच्चे ही देश के भविष्य की नींव है एवं इस नींव को मजबूत करना हम शिक्षकों एवं पालको का अहम दायित्व है। इसके पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार के खेलो का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों के लिए बालक-बालिका वर्ग के विभिन्न दौड़, खो-खो, कबड्डी, फुटबॉल, बच्चों का बिस्किट दौड़ आदि खेलों का आयोजन किया गया जिसमें खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। बालिकाओं ने रंगोली प्रतियोगिता एवं चित्रकारिता में भी अपने हुनर दिखाएं। उपरोक्त प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया, जिससे विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और उत्साह में और वृद्धि हुई। खेल प्रतियोगिता की समाप्ति के पश्चात सभी विद्यार्थियों को स्वादिष्ट व्यंजन खिलाया गया जिससे उनके चेहरे पर खुशी दिखाई दी और कार्यक्रम का रौनक और बढ़ गया। बाल दिवस के सफल आयोजन के लिए प्राचार्य ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं शाला के अन्य स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त किए एवं विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना किये।

### इनका रहा सहयोग

इस उपलक्ष पर शाला के शास्वती सज्जन, कृष्णेन्दु आईच, घनश्याम सोरी, अजय कुमार दुग्गा, सौरभ सोनी, बलाई मिस्त्री, गौतम ऋषि बडोले, दिवस पाल, पूनम मिस्त्री, संजीव दे, जयदेव बाला, दिनों बंधु सरकार, शिव साहू, इशू कुमार वर्मा, लिकेश साहू, शेखर साहू, शाला के अन्य स्टाफ विनोद कोडोपी, फत्ते सिंह, चिन्मय ढाली, सुरेश आंचला, रत्ना राय रामको बाई आचला आदि का सहयोग रहा।

## बस्तर जिला ओलंपिक के विजेताओं का संभाग स्पर्धा के लिए हुआ चयन



**कांकेर**। बस्तर ओलंपिक 2025 की तीन दिवसीय जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आज समापन हुआ। विजयी प्रतिभागियों को मैडल एवं प्रशस्ति पत्र सौंप कर सम्मानित किया गया और यह खिलाड़ी अब संभाग स्तर पर बस्तर में अपने हुनर को दिखाएंगे। अतिथियों ने कहा कि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से मानव जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाता है। उन्होंने आगे कहा कि स्वस्थ तन-मन के लिए खेल एवं योग बेहद जरूरी है। इन विधाओं से जुड़कर प्रत्येक व्यक्ति सशक्त एवं मजबूत बन सकता है।



नरहरदेव पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित मंचीय कार्यक्रम में सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार बस्तर लाल आतंक से मुक्त होने जा रहा है। यहां के युवाओं में छिपी खेल प्रतिभाओं को दशा और दिशा देने बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें यहां की खेल प्रतिभाओं को निश्चित रूप से प्रदेश सरकार ने प्लेटफॉर्म दिया है। उन्होंने सभी विजयी खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए संभाग स्तरीय खेलों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने की बात कही। इसके पहले विद्यालयीन छात्राओं के द्वारा बस्तर की लोक परंपराओं पर आधारित मनमोहक नृत्य का प्रस्तुतिकरण दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी विजयी टीमों एवं प्रतिभागियों को मैडल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा अधिकारियों में जिला पंचायत सीईओ हरेश मण्डावी, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद, अनुविभागीय अधिकारी अरूण वर्मा, जिला खेल अधिकारी संजय जैन सहित विभिन्न खेल विधाओं के खिलाड़ी तथा कोच और अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बासनवाही में बाल दिवस पर बिखरा खेल–सांस्कृतिक कार्यक्रमों का रंग




**बासनवाही**। शाउमावि बासनवाही में गुरुवार को बाल दिवस के उपलक्ष्य में विविध खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन उत्साह के साथ किया गया। विद्यालय परिसर में सुबह से ही बच्चों में खास उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य देव करण भास्कर द्वारा सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई।

प्राचार्य ने छात्रों को संबोधित करते हुए बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की बच्चों के प्रति स्नेह, उनके विचारों तथा शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि बालक देश का भविष्य हैं, इसलिए उनके सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ संस्कारों का मजबूत होना आवश्यक है।

बाल दिवस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिसमें दौड़, लंबी कूद, रस्साकूद एवं अन्य रोचक खेल शामिल थे। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने प्रतिभा प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया। सांस्कृतिक मंच पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें नृत्य, गीत, कविता एवं नाटक शामिल थे। बच्चों की प्रस्तुतियों पर उपस्थित शिक्षकों एवं अभिभावकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उत्साहवर्धन किया।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर विद्यालय का समस्त शिक्षक स्टाफ केके गंजीर, प्रदीप कुलदीप, त्रिभुवन लाल साहू, डीएल नेताम, आरआर पांडे, एचके नेताम, आरके मरकाम एवं विद्यार्थियों की बड़ी संख्या तथा संजीवनी शोरी, उषा मरकाम, प्रतिभा मंडावी, ज्योति ठाकुर निधि नेताम, मधु नेताम, जागृति कोराम, होमनिक नेताम, हेमन्त यादव, भावेश शोरी, तोषण साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के शिक्षक दयाशंकर साहू ने किया और अंत में विजेता छात्रों को पुरस्कार वितरित किए गए।

## दुधावा चौकी पुलिस ने सारवंडी स्कूल में मनाया बाल सुरक्षा सप्ताह, बच्चों को मिली अच्छी सीख



**दुधावा**। बाल दिवस के अवसर पर चौकी दुधावा के द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई के सहयोग से हाई स्कूल सारवंडी में बाल सुरक्षा सप्ताह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी बच्चों को गुड टच-बैड टच की जानकारी दिया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला के निर्देशानुसार, एएसपी दिनेश कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन एवं डीएसपी डीआरजी अविनाश ठाकुर के पर्यवेक्षण में 14 नवंबर को सारवंडी हाईस्कूल के बच्चों को सायबर ठगी से बचने जागरूक किया गया, धोखाधड़ी से बचने के उपाय, यातायात सुरक्षा नियम, बालिका एवं महिला संबंधी अपराध रोकथाम एवं बचने के उपाय बताया गया। मोबाईल के उपयोग एवं मोबाईल के फेसबुक, वाट्सअप, इंस्टाग्राम दुरूपयोग से जीवन में होने वाली परेशानियों से बचने उपाय समझाया गया। बाल विवाह रोकने शपथ कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने कुर्सी दौड़ के खेल में हिस्सा लेते हुए चित्रकला, रंगोली, नृत्य से अपना संपूर्ण योगदान प्रदान किया। मुख्य अतिथि की आसंदी से एएसपी ने स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमेशा अपने बड़ो एवं गुरूजन का आदर करना चाहिए। शिक्षा के महत्व को बताकर बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त कर जीवन में आगे बढने प्रोत्साहित किया गया। चित्रकला, रंगोली एवं नृत्य कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बच्चों को पुरूस्कार दिया गया।

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन, सरपंच सरिता भास्कर, महेश साहू, प्राचार्य शुभदा पाण्डे, माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला के शिक्षक मीना कोड़ोपी, भुनेश्वरी नाग, पीके गौतम, वीएन श्रीवास, महिला सेल प्रभारी सउनि शारदा यादव एवं चौकी प्रभारी योगेन्द्र कुमार वर्मा, सउनि छत्रपाल साहू, प्रआर परमेश्वर नेताम एवं दुधावा चौकी के सभी स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में सारवंडी गांव के जनप्रतिनिधि गौकरण साहू, गैंदू भास्कर, चेतन सिन्हा, चंद्रभान साहू, दीनदयाल साहू एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर कांग्रेस हुई सक्रिय व की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश एवं जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर के मार्गदर्शन में विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्गुकोदल की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया और इसकी राजनीतिक व सामाजिक महत्ता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने कहा कि हर कांग्रेस कार्यकर्ता का दायित्व है कि वह अपने क्षेत्र में मतदाता पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाए। बूथ स्तर पर मतदाताओं की जानकारी एकत्र कर उन्हें सूची में सम्मिलित कराने और त्रुटियों को सुधारने का कार्य प्राथमिकता से किया जाना चाहिए। सभी ब्लॉक अध्यक्षगण, बूथ प्रभारी और बीएलए अपने-अपने क्षेत्र के आम मतदाताओं से संपर्क करें और नाम जोड़ने, हटाने या सुधार से जुड़ी समस्याओं का समाधान करवाएँ। जहाँ भी मतदाताओं को कठिनाई हो, वहाँ तुरंत ब्लॉक स्तर पर संपर्क कर समस्या का निवारण किया जाए। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक प्रभारी सुनील बबला पाढ़ी और सह प्रभारी गोपी बढ़ाई उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन हमेशा लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त करने के लिए कार्यरत रहा है और यह पुनरीक्षण अभियान उसी दिशा में एक सार्थक कदम है। बैठक में निर्णय लिया गया कि आने वाले दिनों में प्रत्येक वार्ड और ग्राम पंचायत स्तर पर कांग्रेस कार्यकर्ता मतदाता पुनरीक्षण शिविरों में भाग लेंगे और आम नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, फोटो अपडेट करने और पता सुधार से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराएँगे। यह केवल राजनीतिक कार्य नहीं, बल्कि लोकतंत्र को मजबूत करने की प्रक्रिया है। कांग्रेस संगठन हर मतदाता की आवाज को महत्व देता है और हमारा लक्ष्य है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदान अधिकार से वंचित न रहे। बैठक के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति निष्ठा और सक्रियता के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर हुमन मरकाम, सियाराम पोटाई, राम गावडे, सियाराम दरो, हीरालाल कोमरा, सुखचंद प्रजापति, दीनदयाल पटेल, घनश्याम ठाकुर, राजू संघोड़िया, रघुनंदन गोस्वामी, हृदयराम बघेल, अशोक कोमरा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com



बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411